# 10 किलो ग्राम चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



चाणक्य भूमि मैनाटांड़

**भंगहा** थाना क्षेत्र मे पुलिस एवं एस एस बी 44 वीं बटालियन पंचरौता ने सयुंक्त कार्यवाही करते हुए रविवार को एक तस्कर को बेहरी से 10 किलो ग्राम मादक पदार्थ चरस एवं एक बाइक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। भंगहा थाना अध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया की चरस तस्कर को गिरफ्तार कर कांड स० 27/24 प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विनोद कुमार उप मुखिया साकिन रामपुरवा टोला चपरिया थाना मैनाटांड़ के रूप में किया गया है । जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । डी एस पी जय प्रकाश सिंह और अंचल अधिकारी मैनाटांड़ कुमार आशीष आनंद भंगहा थाना में प्रेस कंफ्रेंस में बताया कि हमारी नज़र तस्कर एवं किसी भी प्रकार के तस्करी पर बनी रहेगी। ताकि कोई तस्कर हमारे थाना या हमारी नजर से भाग कर फरार ना हो सके ।

# सना फातमा के बेहतर अंक प्राप्त करने पर लोगों ने दी बधाइयां



चाणक्य भूमि मोतिहारी

मोतिहारी शहर के एमजेके गर्ल्स स्कूल की छात्रा सना फातमा ने मैट्रिक की परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण किया है,उसके बेहतर अंक प्राप्ति को लेकर परिवार में खुशी का माहौल है माता शबनम आरा, पिता शेख महबूब ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। वही शिक्षक खालिद सर ,कुणाल सर अजीत सर, तनवीर सर ने बधाई देते हुए कहा कि सना फातमा मृदुभाषी स्वभाव के साथ-साथ अपने परिवार देश का नाम रौशन करने वाली बच्ची है। यह आगे चलकर अवश्य ही उच्च पद को प्राप्त करेगी। वही सना को 500 नंबर में 365 अंक,73 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। जो प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। वही अच्छे अंक प्राप्त करने पर मरयम,रिया ,खुशी के साथ-साथ शुभचिंतको ने बधाई दी है। साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना सभी ने किया है।















# चनपटिया और कुमारबाग में डायल 112 की सेवा शुरू

चाण्क्य भूमि(राजन मिश्रा)

**चनपटिया**।पुलिस कप्तान के निर्देश पर कुमारबाग व चनपटिया को दो वाहन मुहैया किया गया। अपराध से लेकर विधि व्यवस्था तक की स्थिति से निपटने के लिए कुमारबाग और चनपटिया थाने की पुलिस इंटीग्रेटेड रिस्पांस सिस्टम से लैस है। यहां के लोगों को अब पुलिस की सहायता के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। 112 नंबर डायल करने के महज 10 मिनट के भीतर पुलिस सहायता के लिए पहुंच जाएगी। लोगों की सहायता के लिए पुलिस 24 घंटे मुस्तैद रहेगी। इसके लिए पुलिस मुख्यालय से कुमारबाग व चनपटिया थाने को डायल-112 का एक नया वाहन मुहैया कराया गया है। वही चनपटिया थाने को दो वाहन दी गई है। कुमारबाग थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में डायल 112 की सुविधा लोगों को मिलनी शुरू हो गई है। अब पुलिस आपातकालीन स्थिति में सूचना मिलते ही 10 मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंच सकती है। वही चनपटिया थानाध्यक्ष सम्राट सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस दो नया वाहन पुलिस मुख्यालय से थाने को मिला है। इसमें प्रतिनियुक्त पुलिस बल की उपलब्धता के पश्चात जल्द ही चनपटिया क्षेत्र में भी डायल 112 की सुविधाएं लोगों को मिलेगी।जानकारी थानाध्यक्ष सम्राट सिंह ने दी।

# मझौलिया की अलका रानी 455 अंक लाकर प्रखण्ड का नाम किया रौशन

- प्रारंभिक शिक्षा आर के इंटरनेशनल स्कूल मझौलिया से की

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



परिजनों के साथ अलका

**बेतिया**।मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में मझौलिया प्रखंड के नौतन खुर्द पंचायत स्थित बेखबरा निवासी जग प्रसाद चौरसिया की पुत्री अलका रानी ने 455 अंक लाकर प्रखंड का नाम रोशन किया है।अपनी सफलता का श्रेय अलका रानी ने अपने माता-पिता और गुरु जनों दिया है। अलका ने बताया कि वह1 आगे मेडिकल की पढ़ाई करना चाहती है। उसकी माता प्रमिला देवी एक घरेलू गृहणी है जबकि उसके पिताजी किसान है तथा उसका एक भाई इंटर का छात्र है।उसने मैट्रिक की पढ़ाई राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठिया वृत्त बैठनिया की है। पंचायत के मुखिया सौदागर साह ने अलका रानी को बधाई देते हुए उसके पठन-पाठन में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है।आर एल इंटरनेशनल स्कूल मझौलिया के निदेशक राजेश कुशवाहा ने अलका की सलता पर हर्ष व्यक्त किया है।






# बलथर में नेपाली शराब के साथ युवा दंपति गिरफ्तार

- शराब धंधेबाजो के बाइक जब्त
- बलथर पुलिस की कार्रवाई

चाण्क्य भूमि(अमित श्रीवास्तव)सिकटा






**सिकटा**।बलथर थाने की पुलिस ने गैस गोदाम के पास से नेपाली शराब के साथ एक दम्पति को धर दबोचा। गिरफ्तार दम्पति चनपटिया थाना के पीपरा गांव निवासी संजीत चौबे के पुत्र अभिषेक कुमार चौबे(22) व इसकी पत्नी शबनम खातुन(19) है। थानाध्यक्ष नीतिश कुमार ने बताया कि पकड़े गए धंधेबाज अपने को पति व पत्नी बता रहें है। दोनो एक बाइक पर सवार होकर नेपाल से शराब लेकर आ रहे थे। इसी बीच रात्री गश्ती में निकली पुलिस दल से सामना हो गई। पुलिस ने दोनों को रोककर तलाशी लिया। जिसमें बोरा व बाइक की डिक्की में रखे 177 पीस (53 लीटर) नेपाली शराब बरामद किया गया। जब्त सभी शराब नेपाल में बने प्रति तीन सौ एमएल के पैक बोतल में थे। पुलिस इनकी बाइक भी जब्त कर ली गयी है। मामले में पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पकड़े गये दम्पति धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा।









## बेतिया में बिहार बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में नेशनल पब्लिक हाई स्कूल के छात्र मोहम्मद आसिफ ने 479 अंक लाकर अपने माता-पिता सहित जिले का नाम रौशन किया हैं



बता दे कि मोहम्मद आसिफ नेशनल पब्लिक हाई स्कूल का छात्र हैं।मोहम्मद आसिफ पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहता है ।मोहम्मद आसिफ के माता-पिता एवं भाई-बहन मिठाई खिलाकर बधाई दी। मोहम्मद आसिफ के पिता मोहम्मद रयाज उद्दीन जिला यक्ष्मा केंद्र बेतिया में यक्ष्मा सेवक के रूप में कार्यरत है। वही मां अंजुम आफरीन एक कुशल गृहिणी है। मोहम्मद आसिफ अपने भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर है। आपको बता दे कि मोहम्मद आसिफ की बड़ी बहन फिजा आफरीन बीएससी की पढ़ाई फाइनल कर चुकी है। वही उसकी दूसरी बड़ी बहन साजिया आफरीन भी 2021 में बिहार बोर्ड में 475 अंक लाकर टॉप टेन की श्रेणी प्राप्त की थी। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता सहित शिक्षकों का बताया।मोहम्मद आसिफ किराए के मकान में परिवार सहित रहकर पढ़ाई करता था। मोहम्मद आसिफ का पैतृक घर नालंदा जिले के बिहार शरीफ में है।

# इनरवा पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल

चाणक्य भूमि मैनाटांड

**इनरवा** थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इनरवा थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की न्यायालय के द्वारा वारंट निर्गत किया गया था । जिसके आलोक में छापेमारी करते हुए दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है ।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बहादुर चौधरी साकिन पिंडारी दूसरा अभियुक्त मुन्ना मियाँ साकिन इनरवा के रूप में किया गया है । जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## अरविंद वस्त्रालय अहवर से कपड़ा चोरी करते पांच गिरफ्तार महिलाओं को जेल

चाण्क्य भूमि(जापान साह)

**नानोसती**। अहवर शेख पंचायत के पासवान चौक स्थित अरविंद वस्त्रालय की दुकान से सूट चोरी करते रंगे हाथों चार महिलायें और एक लड़की को मझौलिया पुलिस ने जेल भेजा।जानकारी एसएचओ अखिलेश मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि दुकानदार कन्हैया गुप्ता के आवेदन पर दर्ज एफआईआर के आलोक ने पांचों को महिला पुलिस के साथ जेल भेजा गया।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714